भूमि आवंटन में पारदर्शिता के लिए तैयार होगा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों का डाटाबेस

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ: औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए औद्योगिक विकास प्राधिकरणों का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। इन्वेस्ट यूपी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। डाटाबेस तैयार होने के बाद उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा), यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा), ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा), गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) तथा सतहरिया औद्योगिक विकास प्राधिकरण (सीडा) के रिक्त व आवंटित प्लाटों की सही जानकारी सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध होगी। साथ ही चिह्नित लैंड बैंक पर आवंटित प्लाटों पर स्थापित होने वाली इकाइयों की भी प्रगति व वर्तमान स्थिति की भी जानकारी इन्वेस्ट यूपी जुटाएगा। इन्वेस्ट यूपी की तरफ से डाटाबेस तैयार करने के लिए दक्ष सर्वेक्षण एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।